# ‘5 जुलाई को महिला विरोधी सरकार के खिलाफ सीएम आवास की ओर कूच करेंगी महिलाएं’

## दीया कुमारी ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाएं थाली नाद के साथ गूंगी-बहरी सरकार को जगाने के लिए कूच करेंगी

**जयपुर, (निसं)।** दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न के बढ़ते मामलों को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान साढ़े चार साल में प्रदेश में महिला उत्पीड़न की तमाम घटनाओं पर डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई व पोस्टर विमोचन के साथ महिला आक्रोश पर वीडियो और ऑडियो रिलीज किया गया।

भाजपा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री दीया कुमारी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि, आगामी 5 जुलाई को महिला मोर्चा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं भाजपा प्रदेश कार्यालय में एकत्रित होंगी, इस दौरान कार्यालय में ही एक बैठक का आयोजन होगा। इसके बाद सभी महिलाएं थाली नाद के साथ गूंगी बहरी गहलोत सरकार को जगाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करेंगी।

दीया कुमारी ने कहा कि, कांग्रेस सरकार के इन साढे चार सालों में दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न के मामलों में 46 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। महिला उत्पीड़न के मामलों में आज राजस्थान देश में ''नंबर एक'' पहुंच गया है। जिस प्रदेश में महिलाओं के सम्मान के लिए रानी पदमिनी और मां पन्नाधाय ने बलिदान दिया उस प्रदेश में महिलाओं की यह स्थिति शर्मसार करती है। सांसद दीया कुमारी ने कहा कि, कांग्रेस सरकार के जिम्मेदार मंत्री शांति धारीवाल प्रदेश की विधानसभा में दुष्कर्म के बढ़ते मामलों पर यह कहते हैं कि ''राजस्थान मर्दों का प्रदेश हैं''। एक जिम्मेदार पद पर बैठे मंत्री का यह बयान बताता है कि, महिलाओं के प्रति कांग्रेस की मानसिकता कितनी घृणित और कुत्सित है। वहीं प्रदेश के मुखिया सीएम गहलोत यह कहकर दुष्कर्म आरोपियों का बचाव करते हैं कि दुष्कर्मियों को फांसी की सजा नहीं देनी चाहिए वरना दुष्कर्म के अधिकांश मामलों में आरोपी दुष्कर्म के बाद पीड़िता की हत्या भी करने लगेंगे। कांग्रेस के नेताओं के ये बयान इनकी महिला विरोधी मानसिकता को स्पष्ट करते हैं। दीया कुमारी ने कहा कि, प्रदेशभर में कहीं भी महिलाएं और बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। चाहे वह एंबुलेंस, सड़क, घर, अस्पताल और पुलिस थानों तक में महिला सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में जयपुर, डूंगरपुर, बाडमेर, उदयुपर, अलवर और भिन्न भिन्न स्थानों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध घटित हुए हैं।

प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस का कुशासन, प्रदेश को किया शर्मसार रेप में नंबर 1 प्रदेश पोस्टर का विमोचन किया गया। वहीं इस दौरान ''बेटियों का अपमान नहीं सहेगा राजस्थान'' आक्रोशित गीत भी लॉन्च किया गया। इस दौरान प्रेसवार्ता में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, प्रदेशाध्यक्ष अल्का मूंदड़ा, ग्रेटर नगर निगम महापौर सौम्या गुर्जर, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा और मीडिया संपर्क प्रमुख आनन्द शर्मा मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश महामंत्री दीया कुमारी ने ( बीच में ) ने 'कांग्रेस का कुशासन, प्रदेश को किया शर्मसार रेप में नंबर 1 प्रदेश' पोस्टर का विमोचन किया।

- **प्रदेश को किया शर्मसार रेप के मामलों में ''नंबर 1'' राजस्थान : दीया कुमारी**
- **''बहन बेटियों का अपमान नहीं सहेगा राजस्थान'' ऑडियो लॉन्च किया दीया कुमारी ने**

## केशवराय मंदिर में पालकी महोत्सव का आयोजन

- **गुरू पूर्णिमा पर आयोजित महोत्सव में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा**
- **जगतपुरा स्थित कृष्ण बलराम मंदिर से भगवान की दिव्य प्रतिमाओं के विराटनगर पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया**

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर के आराध्य देव श्री केशव राय जी मंदिर में जयपुर के जगतपुरा स्थित कृष्ण बलराम मंदिर एवं अक्षय पात्र से भगवान की दिव्य प्रतिमाएं जिनमें भगवान जगन्नाथ जी, बलराम जी और सुभद्रा जी के विराटनगर पहुंचने पर नगर भ्रमण के दौरान भक्तों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

आराध्य देव श्री केशव राय जी मंदिर के युवाचार्य पंकज पाराशर ने सभी भक्तों का स्वागत करते हुए बताया कि विराटनगर में स्थित आराध्य देव भगवान श्री केशव राय जी छह विग्रह में सबसे काले हैं। इसलिए यह प्राचीन मंदिर काली कमली धाम के नाम से प्रसिद्ध है। मंदिर के प्राचीन इतिहास के अंतर्गत भारत यात्रा में 1960 में जब प्रभुप्राद जी कृष्ण के स्वरूपों को देख रहे थे। उन्होंने विराटनगर के आराध्यदेव श्री केशवराय जी भगवान छवि देखकर भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि कृष्ण प्रतिमाओं में किसी का चेहरा, किसी की वक्षस्थल, किसी में चरण ठीक होते हैं। लेकिन इनके तीनों ही भव्य दिव्य मनोहारी है। वे गोविंददेवजी, गोपीनाथ जी, मदन मोहन जी तीनों दर्शन के अकेले विराटनगर की केशवराय जी के हैं। भगवान केशवराय जी की इसी छवि को इस्कान मन्दिरों में स्थापित की। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए केशव राय जी के भक्त यहां पूजा अर्चना कर विशेष धार्मिक आयोजन में हिस्सा लेते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान की शुभराय जी की विशेष पूजा अर्चना के बाद भजन संध्या का आयोजन होता है और भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप के विभिन्न भजन गाए जाते हैं।

## युवा कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की बैठक

**दौसा, (निसं)।** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक पटेल ने कहा कि बेहतर भारत की बुनियाद के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पटेल ने दौसा जिला मुख्यालय पर युवा कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की बैठक ली। पटेल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के युवाओं ने कांग्रेस पार्टी में अपना विश्वास जताते हुए हम सभी को निर्वाचित करके भेजा है। अब हमारा कर्तव्य है की हम युवाओं की भगादारी को सुनिश्चित करते हुए जिले के विकास में अपना योगदान दे। युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी राजस्थान सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी विकास कार्यों का फायदा आमजन तक पहुंचाने का संकल्प ले। युवा अध्यक्ष ने बताया की 26 से 28 जुलाई को बेंगलुरु में भारतीय युवा कांग्रेस का राष्ट्र स्तरीय महाधिवेशन प्रस्तावित है। इस महाधिवेशन में बेहतर भारत की बुनियाद में युवाओं का योगदान के लिए संपूर्ण भारतवर्ष से युवा सम्मिलित होंगे। इस महाधिवेशन में जिले की हर विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी अनिवार्य होनी चाहिए।

## प्रतिभाओं को सम्मानित कर रैली निकाली

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम जाजोद के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को 10 वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को साफा, श्याम दुपट्टा एवं मिठाई खिला कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या सुमन तोबड़िया ने बताया कि सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों का गांव के मुख्य मार्गों से डीजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया एवं ज्यादा से ज्यादा सरकारी विद्यालय में प्रवेश के लिए ग्रामीणों से अपील की गई। विष्णु कुमार जोशी ने बताया कि कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा 2023 के कला वर्ग में प्रियंका शर्मा ने 94.60 प्रतिशत, रौनक रूलानिया ने 92.20 प्रतिशत एवं अंजू कुमारी जितरवाल 92 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में मोनू कुमारी ने 83.50 प्रतिशत, मुस्कान कुमारी बुरड़क ने 78.67 प्रतिशत एवं युसूफ शेख ने 78.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होने बताया की जाजोद के समाजसेवी भामाशाह प्रेमचंद सोलंकी ने बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हवाई जहाज से किसी पर्यटन स्थल की यात्रा करवाने की घोषणा की थी। अपनी घोषणा के अनुसार भामाशाह प्रेमचंद सोलंकी एवं उनकी धर्मपत्नी इन तीनों बालिकाओं को सोमवार से जयपुर से उदयपुर की 2 दिवस तक झीलों की नगरी का भ्रमण करवाएंगे। इस अवसर पर उप प्राचार्य गिरधारी लाल देवन्दा, फूलचंद कुड़ी, घासीराम वर्मा, श्रीराम सामोता, महेंद्र खोखर, बलबीर कुमार, मुरारी लाल आदि मौजूद रहे।



ग्राम जाजोद के राजकीय विद्यालय में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में गुस्सा

- **एसडीएम को शिकायत कर कहा पहाड़ों को किया जा रहा खोखला**
- **विस्फोटकों से बना है भय का वातावरण, विभाग नहीं दे रहा ध्यान**

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** गांव ओदरा व देवता की पहाड़ी में लीज की आड़ में हो रहे अवैध खनन विस्फोटकों से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम गंगाधर मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों ने अधिकारी को बताया कि गांव देवता में लीज चल रही है लीज के किए गए आवंटित स्थानों पर पत्थर नहीं है जिसके कारण आसपास पहाड़ियों से प्रशासन की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर खुलेआम अवैध खनन हो रहा है। पहाड़ को खोखला करने के लिए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री उपयोग की जा रही है। ओदरा , देवता, सहित आस-पास के गांवों में विस्फोट किए जा रहे हैं। जिससे सैकड़ों फीट गहरी खाईया बन गई है है 100-150 ट्रैक्टर-ट्रॉली रोजाना ओवर लोड भरकर गुजरते हैं। इनसे पत्थर गिरते रहते हैं मार्ग अवरूद्ध हो जाता है।

अवैध खनन करने वालों के खिलाफ ग्राम देवता, ओदरा आदि के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उपखंड अधिकारी क्षेत्रीय वन अधिकारी किशनगढ बास को कई बार लिखित रूप में की गई है लेकिन शिकायत के बावजूद भी अधिकारी कोई कार्रवाई कर नहीं करते हैं और न ही कोई विभागीय जांच होती है। ग्रामीणों ने खान मंत्री, शासन सचिव खान विभाग, शासन सचिव राजस्थान किसान सभा, निदेशक खान विभाग उदयपुर, महानिदेशक एसीबी जयपुर, अतिरिक्त महानिदेशक एसीबी जयपुर , विजिलेंस खान उदयपुर ,ए डीएम खान जयपुर को भी ज्ञापन भेजा है।ज्ञापन देने वालों में मुकीम, मूबीन, सलीम, फरमान, बसीर, तौफीक मुबारिक सहित अनेक ग्रामीण थे। इस संदर्भ में रेंजर ललित कुमार ने माना है कि क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है। समय समय विभाग की ओर से अवैध खनन पर कार्रवाई की जाती है।

## हथकड़ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखंड सोप थाना अंतर्गत में मुखबिर की सूचना पर बिना लाईसेन्स के अवैध हथकड़ शराब का परिवहन करते हुए पाये जाने पर पुलिस ने एक आरोपी गिरफ्तार किया व पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9 लीटर हथकड शराब जप्त की।

जानकारी अनुसार सोप थानाधिकारी हेमराज मीणा ने बताया कि मुखबीर की इत्तला पर पावर हाऊस कंजर बस्ती रोड कस्बा सोप के सामने से बिना अनुज्ञापत्र के अवैध हथकड शराब का परिहन करते हुए पाये जाने पर मुल्जिम लखन पुत्र प्रभु जाति कंजर उम्र 30 साल निवासी कंजर बस्ती सोप थाना सोप जिला टोंक राजस्थान को धारा 16/54 एक्साईज एक्ट गिरफ्तार किया जाकर मुल्जिम के कब्जे से 9 लीटर प्लास्टिक जरिकेन को जप्त किया जाकर मुल्जिम के विरुद्ध मु0नं0 88/2023 धारा 16/54 एक्साईज एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी हैं।

## देवली को जिला घोषित करने की मांग

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव कुलदीप सिंह राजावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम पत्र प्रेषित कर मांग की है कि या तो देवली खण्ड को जिला घोषित किया जाये या फिर सम्पूर्ण देवली क्षेत्र को यथावत जिले में ही रखा जाये। राजावत ने बताया कि देवली एक ऐतिहासिक कस्बा है, जहां से मुख्य राष्ट्रीय राजमार्गों जयपुर-कोटा, जयपुर, भलवाडा, चित्तोडगढ राजमार्गो पर बडी आबादी वाला क्षेत्र है, जो जिला बनाये जाने के सभी मापदण्डों को पूरा करता है। यह तहसील क्षेत्र के सभी प्रतिनिधियों की भी भावना है। जिस पर सरकार द्वारा गम्भीरता से विचार किया जाना अप्रेक्षित है।

## श्रीजी का अभिषेक

**दूदू, (निसं)।** कस्बे के दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे सिद्ध चक महामण्डल विधान के दौरान ज्यायानुसान व श्रीजी का अभिषेक किया गया।

पंडित संजय शास्त्री ने मंत्रोचार के द्वारा विश्वशांति के लिए शांति धारा करवायी। सिद्ध परमष्ठी भगवान के अथ 1024 नाम गुणों सहित अर्थ चढ़ाये गये जिनवाणी के सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान व सम्यक चरित्र के बारे में बताया गया।

## मुख्यमंत्री का लाभार्थी संवाद कार्यक्रम

**कोटपूतली, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पालनहार योजना के तहत सोमवार को 5.91 लाख लाभार्थियों के खाते में 146.74 करोड़ रूपयों की धनराशि डीबीटी हस्तानान्तरित की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में राजधानी जयपुर में राज्य स्तरीय लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उक्त कार्यक्रम से कोटपूतली ब्लॉक के लाभार्थी स्थानीय पंचायत समिति सभागार से जरिये वी.सी. जुड़े। संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव भी पहुंचे। जहां पालनहार योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से संवाद किया। पंचायत समिति में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सभी वर्गो के कल्याण के लिए कार्य किया है। इस मौके पर कार्यक्रम में ओएसडी शुभम चौधरी, एडीएम रविन्द्र शर्मा, एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा, तहसीलदार अभिषेक सिंह समेत बड़ी संख्या में लाभार्थी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा ने बताया कि कोटपूतली में 1345 पालनहारों के 2628 बच्चों हेतु जून माह की 20 लाख व जुलाई माह की 32 लाख रूपयों की राशि हस्तानान्तरित की गई।

## प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**पावटा, (निसं)।** बसीठा रजक धोबी समाज समिति कोटपुतली पावटा द्वारा ग्राम टसकोला में उत्कृष्ट शिक्षकों एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह राज्य व उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र यादव व प्रधान प्रतिनिधि कोटपुतली इंद्राज रावत रहे। अध्यक्षता भामाशाह सुवालाल चौहान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईईएस गंगाराम निर्वाण, आई पी एस सुनील सांखला उपस्थित रहे। अतिथियों ने समाज और शिक्षा तथा प्रतिभा के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। समानित होने वाले 170 छात्र-छात्राओं व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभाओं को एक चांदी का सिक्का, 200 रुपए नकद प्रोत्साहन राशि, दुप्पटा, मोमेंटो व प्रसस्ति पत्र देकर समानित किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष सत्यनारायण कन्नोजिया, बद्री प्रसाद चौहान, लालचंद चौहान, रमेश चंद निर्वाण, कन्हैयालाल, पुष्पेंद्र कुमार बसीठा, मामचंद मंडोवरा सहित बडी संया मे समाज के प्रतिस्थित लोग मौजूद रहे।

# गुरू पूर्णिमा पर गुरू के चरण वंदन कर आशीर्वाद लिया

**मालपुरा, (निसं)।** सोमवार को गुरू पूर्णिमा पर समुचे मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में गुरूधामों पर गुरू के चरण वंदन कर आशीर्वाद लेने का सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा। कई गुरू स्थानों पर गुरू पूर्णिमा भण्डारे आयोजित किये गये।

उपखण्ड क्षेत्र के सबसे बड़े व प्रमुख गुरूधाम बाबा मोतीगिरी का आश्रम टोरडी में गुरू पूर्णिमा पर्व के रूप में मनाई गई। रात्रीकालीन जागरण का आयोजन हुआ। उद्योगपति व भामाशाह घासीलाल चौधरी, पीसीसी सदस्य रामविलास चौधरी सहित बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने बाबा मोतीगिरी महाराज का चरण वंदन कर श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। पुरानी तहसील घाणा के बालाजी मंदिर में बाबा बालमुकन्द दास महाराज की समाधि पर गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया गया। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल व जन-जन के आस्था का केन्द्र विष्णु अवतार डिग्गी कल्याणजी महाराज की मनमोहक श्रंगार झांकी के दर्शनों के लिए अलसवेरे से देर रात तक लाखों की संख्या में श्रीजी भक्त पहुंच लम्बी कतारों में लग दर्शन का सिलसिला रहा।

महर्षि च्यवन ऋषि व माता सुकन्या एवं नर्सिंग मंदिर मालपुरा में गुरू पूर्णिमा महोत्सव आयोजित कर हाल ही में निर्वाचित हुए समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र तिवाड़ी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद शर्मा एवं सदस्य रामराय कांदला का समाज की ओर से स्वागत अभिनन्दन कर गुरू भंडारे का आयोजन किया गया।

जीएल चौधरी ने आश्रम में मंदिर विकास के लिए गुरू के चरणों में 1 लाख रूपये की राशि भेंट की। वहीं आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज के सानिध्य में अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी व बालाचार्य निपूर्ण नन्दी महाराज के सानिध्य में अग्रवाल सेवा सदन बृजलाल नगर मालपुरा में आयोजित विश्व शांति महायज्ञ एवं सिद्धचक्र महामंडल विधान में सोमवार को 1024 अर्ध्य चढा गुरू का चरण वंदन किया गया।



बाबा मोतीगिरी महाराज टोरडी आश्रम पर भामाशाह समाजसेवी जीएल चौधरी सहित लाखों लोगों ने गुरू वंदन किया।

## गुरू पूर्णिमा हर्ष व उल्लास से मनाई

**निवाई, (निसं)।** सोमवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित आश्रमों व धार्मिक स्थलों पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरू भक्तों ने अपने-अपने गुरूओं की विधि विधान से पूजा अर्चना करके भेंट अर्पित की और आशीर्वाद लिया।

महोत्सव को लेकर चारभुजा नाथ मंदिर स्थित श्रीकृष्णानन्द सत्संग भवन व शिवाजी कालोनी स्थित श्री नर्बदेश्वर सत्संग भवन में ब्रह्मलीन श्रीकृष्णानन्दजी महाराज के अनुयायियों द्वारा रविवार की सुबह से अखण्ड रामचरित मानस का पाठ का आयोजन किया गया। सोमवार की सुबह अखण्ड पाठों की पूर्णाहुति के बाद महाराजश्री की चरण-पादुकाओं की पूजा की गई।

सुबह से ही गुरू आश्रमों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया जो शाम तक चलता रहा। इसी प्रकार अद्वैत आश्रम हरभांवता में संत बालकानन्दजी महाराज के सानिध्य में गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## सार-समाचार

### भागवत कथा स्थल का जायजा लिया



**लालसोट (निसं)।** कस्बे के गौरव पथ पर फडकल्या फार्म हाउस पर होने वाली श्रीमद् भागवत कथा स्थल पहुंचकर पर्णकुटी आश्रम के संत मदन मोहन दास महाराज ने भक्तों के साथ श्रीमद् भागवत महा कथा स्थल पहुंचकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस भागवत महा कथा कार्यक्रम में जगद्गुरु रामभद्राचार्य भागवत कथा का वाचन करेंगे एवं उनके शिष्य बागेश्वर धाम के पंडित धर्मेंद्र शास्त्री भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। जगदगुरू रामभद्राचार्य एवं धीरेंद्र शास्त्री की लालसोट में मौजूदगी होने के चलते खुफिया तंत्र सक्रिय है इसी के साथ कार्यकर्ता भी लगातार इस कार्यक्रम को पूर्ण कराने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं। 11 जुलाई से 17 जुलाई तक होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के कथा स्थल सावित्रीबाई फुले सर्किल के पास गौरव पथ लालसोट में डोम लगाने सहित अन्य कार्यक्रम में सुविधाओं के लिए तैयारियां शुरू हो गई। सोमवार को कथा स्थल पर पहुंच कर पर्णकुटी कपिल दास आश्रम के संत मदन मोहन महाराज दीपक चौधरी एडवोकेट अमित शर्मा जयप्रकाश शर्मा मोहन सोनी श्याम सोनी धर्मेंद्र चोपड़ा श्याम सुंदर मिश्रा सुनील चतुर्वेदी, कपिल पुरोहित रोहित पंसारी दीपक बोहरा शंकर लाल शर्मा टेंट वाले रमेश सैनी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### दिव्यांगों को लाभान्वित किया



**बहरोड़/ अलवर, (निसं)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा नीमराणा कस्बे के पंचायत समिति सभागार व परिसर में बाल अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण हेतु राजस्थान राज्य बाल विकास संरक्षण आयोग एवं जिला प्रशासन अलवर राजस्थान के सहयोग से दिव्यांगता संबंधित चिन्हीकरण एवं प्रमाण पत्र निर्धारण शिविर आयोजित कर दिव्यांग जनों को लाभान्वित किया गया। आयोजित शिविर में पहुंची राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य दिव्या गुप्ता एवं राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण सदस्य संगीता गर्ग के निर्देशन में जिला एवं खंड स्तरीय सभी विभागों की उपस्थिति में दिव्यांगता संबंधित समस्याओं का चिन्हीकरण करते हुए 1 वर्ष से 18 वर्ष के बालकों की शिकायतों का निराकरण करते हुए प्रमाण पत्र निर्धारित करते करीब 90 मामलों का निराकरण करते बेटियों को शिक्षित एवं बेटों को संस्कारित करने का संदेश दिया गया।

### किसानों को निशुल्क बीज वितरित किए

**प्रागपुरा, (निसं)** ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यालय पर कृषि विभाग द्वारा सोमवार को किसानों को निशुल्क बाजरा बीज मिनी किट का वितरण किया गया। निशुल्क बाजरा बीज मिनी किट पाकर किसानों के चेहरे पर खुशी झलक आई। मौके पर मौजूद समिति अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि इस दौरान 200 किसानों को बाजरा बीज उपलब्ध कराया गया। ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। वहीं कृषि पर्यवेक्षक सुरेंद्र यादव, कृषि पर्यवेक्षक कैलाश, समिति व्यवस्थापक कैलाश स्वामी, आनंद सिंह, नरेश सैनी, रामकरण सैनी ने किसानों से बातचीत कर उन्हें अनेकों प्रकार की कृषि संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष नरसी यादव, श्यामसुंदर चावला, रोहतास सैनी, गोपाल सैनी, घीसाराम मीणा, दौलतराम सैनी, जयराम सिंह, सरदार सिंह सैनी, गोकुल सैनी, मदन सैनी मौजूद रहे।

### विद्यालय से सामान चोरी

**टोंक, (निसं)।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय काला भाटा ढाणी सिरोही में चोर रात्रि के समय ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, पोषाहार सामग्री सहित अन्य सामान चुरा ले गए। सुबह विद्यालय आए प्रधानाध्यापक ने स्कूल के पोषाहार कक्ष का ताला टूटा देख कर स्कूल में चोरी हो जाने की सूचना दत्तवास पुलिस को दी। प्रधानाध्यापक रामनारायण जाट व रामनिवास गुर्जर की ओर से लिखित रिपोर्ट में बताया कि चोर पोषाहार कक्ष का ताला तोड़कर वहा रखे गैस सिलेंडर, पोषाहार, बर्तन, कूकर, चरा, बाल्टी सहित सामान चुरा ले गए।

### कलश यात्रा के साथ चतुर्मास सत्संग शुरू



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के श्रीराम नगर पावर हाऊस सड़क स्थित दादू आश्रम पर सोमवार को चतुर्मास ज्ञान यज्ञ में संगीतमय श्रीमद् दादू वाणी व श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा कथावाचस्पति संगीत-आचार्य संत रामप्रकाश स्वामी के द्वारा प्रारम्भ की गई। आश्रम के धर्मदास स्वामी ने बताया कि आश्रम पर श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं द्वादशवां चतुर्मास सत्संग ज्ञान यज्ञ समारोह के पूर्व धर्मप्रेमी महिलाओं द्वारा प्रात: 8:15 बजे कस्बे के पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन ठाकुर जी महाराज मन्दिर परिसर से दादू आश्रम तक गाजे-बाजे जी के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद दादू आश्रम पर प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक गुरु प्रवचन के बाद शिष्यों द्वारा गुरु पूजन किया गया तत्पश्चात महाआरती की गई। इसके बाद प्रसादी वितरण की गई।

### वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नांगड़ीवास में भगवान शिव भोले नाथ का चतुर्थ वार्षिकोत्सव सोमवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर आयोजित विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। वहीं जयराम ठेकला म्हासी ने भगवान शंकर के गुणों का गुणगान किया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कहा कि राजस्थान केवल वीरों ही नहीं बल्कि वीरांगनाओं की भी धरती है। इनसे प्रेरणा लेकर किसान परिवारों की बेटियों को भी जीवन में पढ़-लिखकर सफलता हांसिल करनी चाहिये। इस मौके पर बलराम दास जी महाराज, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल, शिक्षाविद पूरण कसाना, सरपंच विक्रम रावत, सत्यवीर मीणा, एड. मनोज चौधरी, एड. मुकेश चनेजा आदि मौजूद रहे।

### काव्य संग्रह ‘साहित्य सुगंध’ का विमोचन

**टोंक, (निसं)।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने टोंक के प्रसिद्ध कवि प्रदीप पंवार के काव्य संग्रह ''साहित्य सुगंध'' की प्रथम प्रति का विमोचन किया। काव्य संग्रह को पढ़कर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन से टोंक जिले के बारे में भी चर्चा की। साहित्य सुगंध के विमोचन अवसर पर टोंक नगर परिषद की पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, युवा भाजपा नेता विनायक जैन, राहुल पंवार साथ रहे। यह प्रथम अवसर है, जब राजस्थान के राज्यपाल ने टोंक जिले के कवि प्रदीप पंवार की काव्य पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट में स्वीकार कर विमोचन किया है।